हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 26 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

13 नवा रायपुर व आरंग मार्ग पर मवेशियों का कब्जा...



14 महाप्रभु लौटे अपने घर, बाहुड़ा रथयात्रा में उमड़ा...





प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

## लापरवाही : घटिया निर्माण की खुली पोल

# लाखों की लागत से बनी तोरला पुलिया पहली ही बारिश में ढही



पीडब्ल्यूडी की निर्माण कार्यशैली पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा-आरंग मार्ग पर ग्राम तोरला में लोक निर्माण विभाग द्वारा लाखों रुपये की लागत से निर्मित पुलिया पहली ही तेज बारिश की परीक्षा में धराशायी हो गई। 5 जुलाई को हुई बारिश के दौरान रात के अंधेरे में पुलिया का एक बड़ा हिस्सा ढह गया। घटना की जानकारी ग्रामीणों को अगले दिन सुबह मिली। जब लोग मौके पर पहुंचे तो पुलिया की हालत देखकर सभी हैरान रह गए। जिस पुलिया का निर्माण लोगों की सुविधा और वर्षों तक सुरक्षित आवागमन के उद्देश्य से किया गया था, वह पहली ही बारिश में जवाब दे गई। ग्रामीणों के अनुसार इस पुलिया का निर्माण गांव से श्मशान घाट तथा खेतों तक आने-जाने की सुविधा के लिए कराया गया था। पुलिया बनने से लोगों को बरसात के दिनों में भी सुरक्षित आवागमन की उम्मीद थी, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता पर अब गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। लोगों का कहना है कि यदि ▶▶| शेष पेज 12 पर

### तकनीकी जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

पुलिया के ढह जाने से अब ग्रामीणों के सामने बड़ी परेशानी खड़ी हो गई है। खेतों तक पहुंचने में किसानों को लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है, वहीं किसी की मृत्यु होने की स्थिति में अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट तक पहुंचना भी कठिन हो गया है। बरसात के मौसम में यह समस्या और अधिक गंभीर हो सकती है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया और घटिया सामग्री का उपयोग किया गया। उनका कहना है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद पुलिया का पहली बारिश में ढह जाना अपने आप में निर्माण कार्य की पोल खोलने के लिए पर्याप्त है। लोगों ने इस मामले में तकनीकी जांच कराकर दोषी अधिकारियों, ठेकेदार और संबंधित जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी धन जनता की गाढ़ी कमाई से आता है और यदि विकास कार्यों में इस तरह की लापरवाही होगी तो न केवल सरकारी राशि की बर्बादी होगी, बल्कि आम लोगों की जान भी जोखिम में पड़ सकती है।

# लोहरसी का आंबा केंद्र जलमग्न, जमा पानी से बीमारी फैलने की आशंका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

बारिश का मौसम शुरू होते ही ग्राम लोहरसी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 में मासूम बच्चों की सुरक्षा चिंता का विषय बन गई है। केंद्र के चारों ओर बारिश का पानी भर जाने से पूरा परिसर जलमग्न हो जाता है। स्थिति ऐसी है कि भवन तक पहुंचने के लिए केवल सामने लगभग छह फीट चौड़ा संकरा रास्ता ही बचता है, जिससे होकर छोटे-छोटे बच्चे और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आवागमन करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या हर वर्ष बरसात में सामने आती है, लेकिन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं किया गया। आंगनबाड़ी में आने वाले नन्हे बच्चों को खतरे का अंदाजा भी नहीं होता। ऐसे में जरा-सी असावधानी किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। वहीं लंबे समय तक पानी जमा रहने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ने और डेंगू, मलेरिया सहित सर्प सहित अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी बनी हुई है। बाल सुरक्षा और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने वाले विभाग के लिए यह स्थिति कई सवाल खड़े करती है। यदि समय रहते जल-निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई तो किसी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी तय करना कठिन होगा। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग से तत्काल जलभराव की समस्या दूर कर आंगनबाड़ी परिसर को सुरक्षित बनाने की मांग की है, ताकि नन्हे बच्चों का भविष्य किसी लापरवाही की भेंट न चढ़े।

## खबर संक्षेप



### केबल वायर सहित समर्सिबल पंप की चोरी, 2 आरोपी गिरफ्तार

**राजिम।** चोर अब किसानों को भी नहीं छोड़ रहे है। खेतों में लगे बोर के समर्सिबल पंप एवं केबल वायर तक को चोरी कर ले जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला राजिम थाने में आया। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। धमनी गांव का यह मामला है यहां के किसान मुकेश सोनवानी ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके गांव धमनी खार के खेत में लगे 3 एचपी का समर्सिबल पंप जिसे बनवाने के बाद खेत के मेड़ में बने मोटरपंप कमरा में रखा था और इसी के साथ करीब 150 मीटर केबल वायर भी था। बरसात ज्यादा होने से समर्सिबल पंप को बोर में फिट नहीं कर पाए थे। वे दूसरे दिन सुबह जब खेत गया तब मोटर पंप वाले कमरा में समर्सिबल ▶▶| शेष पेज 12 पर

### जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के योगेश बने अध्यक्ष

**गरियाबंद।** जिला कांग्रेस संगठन ने अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पद पर योगेश बघेल की नियुक्ति की है। इस नियुक्ति के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह का माहौल है। योगेश बघेल लंबे समय से कांग्रेस



संगठन और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। संगठनात्मक अनुभव, कार्यशैली और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष योगेश बघेल ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, अनुसूचित जाति समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा कांग्रेस की जनहितकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। जिला कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि योगेश बघेल के नेतृत्व में अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अधिक सक्रिय एवं प्रभावी भूमिका निभाएगा तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूती मिलेगी।

# तेज रफ्तार का कहर : 3 घंटे में तीन सड़क हादसे, 2 महिलाओं को ठोका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर देवभोग क्षेत्र में कुछ ही घंटों के भीतर लगातार तीन सड़क दुर्घटनाएं हुई सबसे गंभीर हादसा अमलीपदर में सामने आया, तेज रफ्तार बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने से 23 वर्षीय युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिस 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमलीपदर में भर्ती कराया गया प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, युवक पहले उसरीजोर क्षेत्र में सड़क किनारे चल रही दो महिलाओं को टक्कर मारते हुए आगे निकल गया। इसके बाद तेज रफ्तार में भागते समय अमलीपदर स्थित आयुष ढाबा के सामने श्मशान घाट के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जा गिरी। हादसे के समय युवक बाइक पर अकेला सवार था। दुर्घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इससे पहले सिहारलटी पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में नरेश यादव घायल हो गए थे। उन्हें डायल-112 की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। दुर्घटना में उनके साथ बाइक पर सवार एक अन्य युवक को मामूली चोटें आईं। वहीं, करीब तीन घंटे पहले गोहरापदर-ध्रुवागुड़ी मार्ग पर मदांगमुंडा के पास बाइक और साइकिल ▶▶| शेष पेज 12 पर

# माध्यमिक शाला कुकदा में एकल शिक्षक से आक्रोशित ग्रामीण 27 को जड़ेंगे ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



शासकीय माध्यमिक शाला कुकदा में एकल शिक्षक की समस्या को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र अतिरिक्त शिक्षक की व्यवस्था नहीं की गई तो आगामी 27 जुलाई से विद्यालय में पूर्ण तालाबंदी की जाएगी। ग्रामीणों द्वारा एसडीएम गरियाबंद को सौंपे गए आवेदन में बताया गया है कि विद्यालय में लंबे समय से केवल एक शिक्षक के भरोसे पढ़ाई संचालित हो रही है। इस संबंध में 7 जुलाई को कलेक्टर जनदर्शन में ज्ञापन देकर शिक्षक की मांग की गई थी। उस समय प्रशासन की ओर से 15 दिनों के भीतर शिक्षक भेजने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन निर्धारित अवधि बीत जाने के बाद भी कोई व्यवस्था नहीं की गई। आवेदन में कहा गया है कि एक शिक्षक से समुचित शिक्षण कार्य संभव नहीं है, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल शिक्षक की पदस्थापना करने की मांग की है। आवेदन पर सरपंच, स्कूल प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सहित अनेक ग्रामवासियों की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।

# लोहरसी, तरीघाट और कुंडेल मार्ग की मरम्मत शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

खबर का असर

कोपरा क्षेत्र के ग्राम लोहरसी से लेकर तरीघाट और कुंडेल जाने जैसे मार्गों की जर्जर और जलभराव से बदहाल सड़कों को लेकर हरिभूमि द्वारा लगातार प्रकाशित की गई प्रमुख खबरों का असर अब ज़मीन पर दिखाई देने लगा है। शनिवार सुबह से लोकनिर्माण विभाग राजिम ने प्रभावित मार्गों पर मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया। इससे ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और रोज़ाना आवागमन करने वाले लोगों ने राहत की सांस ली है। लगातार हो रही बारिश के बीच हरिभूमि ने प्रमुखता से जनपद पंचायत फिंगेश्वर से जुड़े कई मार्गों की बदहाल स्थिति, जलभराव, गड्ढों और उससे हो रही दुर्घटनाओं के खतरे को लेकर विस्तृत पड़ताल प्रकाशित की थी। खबर में विशेष रूप से स्कूल जाने वाले बच्चों, किसानों, मरीजों और आम नागरिकों की परेशानियों को

### ग्रामीणों को मिली राहत




गड्ढों में तब्दील मुख्य मार्ग, हर सफर बन रहा हादसे का सबब
बारिश ने खोली जनपद से जुड़ी अनेक सड़कों की पोल, जलाशय में तब्दील

प्रमुखता से उठाया गया था। समाचार प्रकाशित होने के अगले ही दिन जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से चर्चा कर तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। हरिभूमि ने भी लोकनिर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से स्कूली बच्चों और ग्रामीणों की सुरक्षा का हवाला देते हुए शीघ्र मरम्मत कार्य शुरू करने की मांग की।

**लोहरसी के बड़े गड्ढों में भरा जा रहा मुरुम, वैकल्पिक रास्ता भी बनाया-** लगातार जनहित में उठ रही आवाज़ और जनप्रतिनिधि के हस्तक्षेप के बाद विभाग ने बिना देर किए शनिवार सुबह से सड़क मरम्मत ▶▶| शेष पेज 12 पर




## दादागुरुदेव जिनदत्त सूरी की पुण्यतिथि पर हुई विशेष पूजा

# दान-तप से बड़ी है देव, गुरु और धर्म के प्रति निष्ठा : भव्य मुनि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



स्थानीय श्वेताम्बर जैन मंदिर में चातुर्मास के अंतर्गत आयोजित प्रथम धर्मसभा में पूज्य भव्य मुनि ने कहा कि सच्चा श्रावक वही है, जो परमात्मा की आज्ञा का पालन करते हुए देव, गुरु और धर्म के प्रति पूर्ण समर्पण भाव रखे। उन्होंने कहा कि केवल दान, तप या धर्म-ध्यान से ही श्रावक की पहचान नहीं होती, बल्कि धर्म के सिद्धांतों के प्रति अटूट निष्ठा ही उसकी वास्तविक पहचान है। प्रवचन के दौरान मुनिश्री ने कहा कि आज समाज में अधिक दान देने वालों को प्राथमिकता मिलती है, जबकि धर्म का वास्तविक स्वरूप समर्पण और आज्ञापालन में निहित है। उन्होंने तेजपाल और वस्तुपाल का उदाहरण देते हुए बताया कि दोनों ने उच्च पद स्वीकार करने से पहले यह शर्त रखी थी कि देव-गुरु-धर्म के विरुद्ध कोई भी आदेश स्वीकार नहीं करेंगे। यही सच्चे श्रावक का आदर्श है। भव्य मुनि ने कहा कि मनुष्य जन्म तो मिल गया, लेकिन इंसानियत और धर्म का मर्म समझना अभी बाकी है। आज लोग धन कमाने का मार्ग जानते हैं, लेकिन धर्म के लिए समय और सही मार्ग की समझ नहीं रखते। उन्होंने कहा कि परमात्मा द्वारा बताए गए मार्ग पर चलना और देव-गुरु-धर्म के प्रति समर्पित रहना ही सच्चे धर्म का स्वरूप है। इस अवसर पर प्रथम दादागुरुदेव अजमेर वाले श्री जिनदत्त सूरीजी महाराज की पुण्यतिथि पर दादाबाड़ी में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। गुरुदेव की पूजा रमेश कुमार सिद्धार्थ एवं रजत बंगानी परिवार द्वारा श्रद्धापूर्वक संपन्न कराई गई।

**खबर संक्षेप**



## ओंकार साहू ने 10वीं बार किया रक्तदान

**राजिम।** रक्तदान को महादान की संज्ञा दी जाती है और इसी भावना को चरितार्थ करते हुए राजिम के समाजसेवी ओंकार साहू ने ग्राम किरवई निवासी एक जरूरतमंद परिवार के मरीज के उपचार हेतु 10वीं बार स्वैच्छिक रक्तदान किया। समय पर रक्त उपलब्ध होने से मरीज के उपचार में सहायता मिली और परिजनों ने ओंकार साहू के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर ओंकार साहू ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने युवाओं से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने और जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज सेवा का सबसे बड़ा माध्यम मानव जीवन की रक्षा करना है। स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान कर दूसरों के जीवन को बचाने में अपना योगदान देना चाहिए।

## पत्नी ने की खुदकुशी पति को सात साल कैद

**रायपुर।** पत्नी को खुदकुशी के लिए प्रेरित करने के आरोप में अपर सत्र न्यायाधीश नरेंद्र कुमार की कोर्ट ने सात वर्ष कैद के साथ पांच सौ रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। अतिरिक्त लोक अभियोजक रितेश अवस्थी के अनुसार, कोर्ट ने धरसींवा निवासी संजय कुमार साहू को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। आरोपी अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करते हुए उसे प्रताड़ित करता था। आरोपी की पत्नी ने 3 जुलाई 2023 को अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस ने संजय की मां को भी आरोपी बनाया था, लेकिन कोर्ट ने उसे दोषमुक्त करार दिया।

## शराब बेचते धरा गया कोचिया

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने एक युवक को शराब बेचते गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से साढ़े तीन हजार रुपए कीमत की शराब जब्त की गई है। शराब बेचने के आरोप में पुलिस ने तोरण गायकवाड़ उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 6.300 लीटर शराब बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी को भाठागांव, देवपुरी में शराब बेचते गिरफ्तार किया है।

## शराब पीने पैसे नहीं दिए तो किशोर को पीटा

**रायपुर।** शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर दो लड़कों ने एक 16 साल के किशोर के साथ मारपीट की। घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। नेहरू नगर निवासी किशोर ने सुबे सागर तथा संदीप के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। नाबालिग ने पुलिस को बताया कि दोनों लड़के उससे शराब पीने पैसों की मांग कर रहे थे। इंकार करने पर दोनों लड़कों ने किशोर के साथ मारपीट की।

## स्काउट-गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त ने की समीक्षा

**रायपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा की अध्यक्षता में जिला संगठन आयुक्तों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। राज्य मुख्य आयुक्त श्री खालसा ने सभी विद्यालयों में प्रार्थना सभा के दौरान राष्ट्रगीत का अनिवार्य रूप से गायन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संगठन के अंशदान की राशि 31 अगस्त तक अनिवार्य रूप से जमा कराने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में दल संचालन के लिए कम से कम एक बेसिक स्काउट मास्टर एवं एक गाइड कैप्टन प्रशिक्षित होना आवश्यक है। साथ ही राज्य स्तर पर प्रत्येक जिले का भ्रमण कर स्काउट-गाइड गतिविधियों की समीक्षा किए जाने की जानकारी भी दी।

### आश्रम अधीक्षक पर तत्काल कार्रवाई एवं एफआईआर को वापस लेने की मांग को लेकर चक्काजाम की चेतावनी

# 6 माह बाद भी नहीं मिली छात्र राघव की मौत मामले की जांच रिपोर्ट, न्याय मांगने वालों पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर से 03 किमी दूर ग्राम भाठीगढ़ में बड़ेगोबरा के नाम से संचालित आदिवासी बालक आश्रम के छात्र राघव मंडावी की इलाज के अभाव में और तत्कालीन आश्रम अधीक्षक राकेश साहू के लापरवाही के चलते 06 माह पूर्व जनवरी 2026 में इलाज के दौरान मौत हो गया था इस मामले को लेकर क्षेत्र में जहां एक ओर कांग्रेस द्वारा उग्र प्रदर्शन कर पीड़ित परिवार को मुआवजा की मांग किया गया था वहीं दूसरी ओर आदिवासी समाज द्वारा छात्र राघव मंडावी की मौत पर आश्रम अधीक्षक की लापरवाही का आरोप लगाते हुए नेशनल हाइवे 130 सी मैनपुर देवभोग मार्ग में 19 फरवरी को चक्काजाम किया गया था। इस दौरान आदिवासी समाज के लोगों ने तत्कालीन आश्रम अधीक्षक राकेश साहू पर एफआईआर दर्ज कर पीड़ित परिवार को एक करोड़ रूपये मुआवजा देने की मांग किया गया था तब आंदोलन कर रहे ग्रामीणों के पास आदिवासी सहायक आयुक्त लोकेश्वर पटेल, एसडीओपी पुलिस ओमप्रकाश खुजुर, तहसीलदार सहित प्रशासन के आलाअफसर पहुंचकर लिखित मे आश्वासन दिया था कि छात्र की मौत के मामले का निष्पक्ष जॉच के लिए एक जॉच समिति का गठन कर जॉच करवाई जोयगी और दोषियों पर कार्यवाही किया जायेगा साथ ही पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जायेगा। अफसरों के समझाइस के बाद शांतिपूर्ण तरीके से चक्काजाम स्थगित कर दिया गया लेकिन इस मामले में अब 06 माह बाद भी न तो जॉच कमेटी का रिपोर्ट सार्वजनिक किया गया और न ही पीड़ित परिवार को मुआवजा मिला। उल्टा शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर 06 माह बाद एफआईआर किए जाने की जानकारी लगते ही क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है और इस मामले को लेकर कल रविवार 26 जुलाई को क्षेत्र में विशाल बैठक का आयोजन किया गया है जिससे आदिवासी छात्र की मौत का मामला एक बार फिर गरमा गया है और इस मामले को लेकर तथा तत्कालीन आश्रम अधीक्षक राकेश साहू पर तत्काल एफआईआर की कार्यवाही करने, जॉच रिपोर्ट सार्वजनिक करने के अलावा पीड़ित परिवार को मुआवजा देने एवं एफआईआर को वापस लेने की मांग को लेकर उग्र प्रदर्शन चक्काजाम, कलेक्टर कार्यालय घेराव करने की तैयारी किया जा रहा है।


छात्र की मौत पर बवाल, एनएच पर 3 घंटे चक्काजाम, अधीक्षक निलंबित



### फाइल देखकर ही बता पाऊंगा: सहायक आयुक्त

जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के अध्यक्ष सुकचंद बेसरा ने कहा की पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे लोगों पर एफआईआर किया जाना पूरी तरह गलत है जिसे वापस लिया जाना चाहिए कांग्रेस द्वारा भी जिला स्तरीय जॉच समिति बनाकर जॉच रिपोर्ट अपर कलेक्टर को सौपा गया था अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। इस संबंध में चर्चा करने पर सहायक आयुक्त गरियाबंद लोकेश्वर पटेल ने बताया की इस पूरे प्रकरण में क्या कार्यवाही हुआ फाइल देखकर ही बता पाऊंगा।

### लिखित आश्वासन पर अब कौन करेगा विश्वास?

जनपद पंचायत मैनपुर के सदस्य एवं आदिवासी नेता सुकचंद ध्रुव, आदिवासी नेता महेन्द्र नेताम, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, तनवीर राजपूत, आदिवासी नेता टीकम कपिल, खेदु नेगी, डोमार साहू, सज्जन सिंह देववंशी, जनपद सदस्य प्रताप मरकाम एवं क्षेत्र के वरिष्ठजनों ने बताया की आदिवासी आश्रम मे छात्र राघव मंडावी का इलाज के अभाव मे दर्दनाक मौत हो गई इस मामले मे धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण आंदोलन कर परिजनो को मुआवजा देने की मांग किया गया था तब संबंधित एवं जिले के अफसरो द्वारा पीड़ित परिवार को मुआवजा देने आश्रम अधीक्षक राकेश साहू पर कार्यवाही की बात कही गई थी और लिखित में आश्वासन दिया गया था लेकिन इस मामले में अब तक कोई जॉच नहीं हुआ और न ही जॉच रिपोर्ट सार्वजनिक किया गया और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए संघर्श कर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों पर उल्टा एफआईआर जैसे कार्यवाही 06 माह बाद किया गया है जो पूरी तरह गलत है ऐसे में अफसरों के लिखित आश्वासन पर कौन विश्वास करेगा जो बड़ा सवाल खड़ा करता है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने कहा की इस मामले में तत्कालीन आश्रम अधीक्षक राकेश साहू पर तत्काल एफआईआर की कार्यवाही किया जाये पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाए और क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के ऊपर किए गए एफआईआर को वापस लिया जाए। अन्यथा इस मामले को लेकर अब सड़क से लेकर गरियाबंद कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# बालिका आश्रम और आंबा के औचक निरीक्षण में भड़के विधायक जनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने इंदागांव स्थित आंगनबाड़ी भवन एवं आश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान अव्यवस्था को देखकर जमकर भड़के और फोन में अफसरों को फटकार लगाते हुए व्यवस्था ठीक करने का निर्देश दिया है साथ ही विधायक ध्रुव ने कहा की एक सप्ताह के भीतर व्यवस्था ठीक नहीं किया गया तो इस मामले को लेकर सड़क की लड़ाई लड़ेंगे। क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे विधायक जनक ध्रुव को ग्रामीणों ने बताया कि साहेबिनकछार के नाम से आदिवासी बालिका आश्रम का संचालन इंदागांव में किया जा रहा है जहां कम बच्चे उपस्थित रहते है और ज्यादा बच्चों का दर्ज संख्या दिखाया जाता है साथ ही आश्रम में मूलभूत बुनियादी सुविधाएं नहीं है बच्चे बेहद परेशान है। विधायक जनक ध्रुव ने आश्रम का औचक निरीक्षण में पहुंचे तो आश्रम अधीक्षिका अनुपस्थित मिली। साथ ही 55 दर्ज संख्या में मात्र 20 बच्चे मिले और आश्रम में साफ-सफाई नहीं होने से चारों तरफ मकड़ी का जाला और गंदगी बिखरा है तथा बच्चों के पलंग बेहद खराब स्थिति में चादर गद्दा वर्षो से धुले नहीं है। धुल जम गया है मच्छरदानी और चादर फट गये है कई बार शिकायत किया गया लेकिन सुधार नहीं किया गया जिस पर विधायक जनक ध्रुव ने जमकर नराजगी जताई और सहायक आयुक्त गरियाबंद को फोन लगाकर व्यवस्था सुधार करने का निर्देश दिया साथ ही आदिवासी क्षेत्र के बच्चों को नियमानुसार पोष्टिक भोजन और सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा है साथ ही एक सप्ताह के भीतर व्यवस्था ठीक नही होने पर सड़क मे आंदोलन करने की चेतावनी दी है।



अफसरों को लगाई फटकार

### आंगनबाड़ी में टपक रहा बारिश का पानी

विधायक जनक ध्रुव ने आंगनबाड़ी की बदहाल स्थिति का निरीक्षण किया और सुधार करने के साथ ही तत्काल अन्य जगह आंगनबाड़ी संचालित करने का निर्देश दिया क्योकि आंगनबाड़ी भवन बेहद जर्जर हो गया है। साथ ही बारिश का पानी टपक रहा है। विधायक जनक ध्रुव ने बताया की आंगनबाड़ी भवन एवं आश्रम में भारी अव्यवस्था है सुधार करने का निर्देश दिया गया है। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, केसरी ध्रुव, विरेन्द्र जगत, दीपक निर्मलकर, बंटी यादव, नुतन यादव सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# डिजिटल युग में सजगता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच : थाना प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

■ सेजेस छुरा में सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर जागरूकता कार्यक्रम

सेजेस इंग्लिश मीडियम स्कूल, छुरा में भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर जागरूकता एवं विभिन्न प्रतियोगिता रंगोली, चित्रकला, निबंध, वाद विवाद, सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक गरियाबंद सिरमौर के दिशा निर्देश मार्गदर्शन में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में थाना प्रभारी छुरा ज्ञानेश्वर सिंह गंगवाल उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति एवं कानूनी जागरूकता विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। अपने संबोधन में ज्ञानेश्वर सिंह गंगवाल ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में जागरूकता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। उन्होंने विद्यार्थियों को किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी, पासवर्ड अथवा अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करने की सलाह दी। उन्होंने सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने की जानकारी दी। साथ ही 112 आपातकालीन सेवा के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों से यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, एकता और कर्तव्यनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है।



### विजेता प्रतिभागियों का सम्मान

कार्यक्रम का आयोजन डीएसपी उपपुलिस अधीक्षक गरिमा दादर के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर श्लाल ओमप्रकाश भारती, राजकुमार मरकाम, नागेश्वर तथा महिला सैनिक भारती साहू भी उपस्थित रहे। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में देविका साहू (कक्षा 10वीं) ने प्रथम, पूर्वा चंद्राकर (कक्षा 11वीं) ने द्वितीय तथा ऐश्वर्या नाग (कक्षा 10वीं) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में राधिका ध्रुव (कक्षा 11वीं) ने प्रथम, फलक अंजुम (कक्षा 10वीं) ने द्वितीय तथा योगिता ध्रुव (कक्षा 11वीं) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में उपासना साहू (कक्षा 11वीं) ने प्रथम, गीतांजलि राजपूत (कक्षा 11वीं) ने द्वितीय तथा काजल कंवर (कक्षा 12वीं) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# आईवीएफ सेंटर बनाने 10, कैंसर विभाग में रोबोटिक सिस्टम के लिए 21 करोड़ मंजूर, काम निविदाओं में फंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निसंतान दंपति के इलाज और रोबोटिक प्रक्रिया से ज्यादा सुरक्षित ढंग से ऑपरेशन के लिए कैंसर विभाग में रोबोटिक सिस्टम की योजना अभी भी ठंडे बस्ते में है। निराश करने वाली बात यह है कि वर्ष 2025 में आईवीएफ सेंटर के लिए 10 करोड़ और जनवरी 2026 में रोबोटिक सिस्टम के लिए 21 करोड़ रुपए स्वीकृत किए जा चुके हैं, मगर पेंच टेंडरों में फंसा हुआ है।

आंबेडकर अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग ने जरूरतों को महसूस करते हुए सरकारी अस्पताल में आईवीएफ सेंटर खोलने का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था। पुरानी योजना को पिछले साल मंजूरी दी गई थी और निजी अस्पतालों में लाखों खर्च करने वाले मरीजों को राहत देने के लिए आंबेडकर अस्पताल में यह सेंटर बनाने की योजना को मंजूरी दी गई थी। इसके लिए वर्ष 2025 के अक्टूबर माह में 10 करोड़ रुपए की स्वीकृति भी दी गई थी। कुछ ऐसी ही योजना कैंसर विभाग में इलाज के लिए आने वाले मरीजों के सुविधा के विस्तार के लिए बनाई गई थी। इसमें रोबोट की मदद से ऑपरेशन करने की योजना को पूर्ण करने के लिए 21 करोड़ से ज्यादा राशि को मंजूरी दी गई थी। मामला इनसे संबंधित कार्यों को पूरा करने तक पहुंचा और इसके टेंडर की प्रक्रिया में उलझकर रह गया। वर्तमान में आईवीएफ की सुविधा राज्य के किसी भी सरकारी अस्पताल में नहीं है, वहीं रोबोट की मदद से ऑपरेशन की प्रक्रिया एम्स के माध्यम से पूरी हो रही है। आंबेडकर अस्पताल में संतान सुख की आस में आने वाले मरीज निराश हैं और कैंसर के मरीजों का ऑपरेशन पुरानी पद्धति से ही हो रहा है।

### सात बेड के इंटीग्रेटेड हास्पिटल का पता नहीं

ओवरलोड हो रहे आंबेडकर अस्पताल के मरीजों को सुविधा देने बनाया जाने वाला सात सौ बेड का इंटीग्रेटेड हास्पिटल अभी भी कागजों से बाहर नहीं निकल पाया है। निराश करने वाली बात यह है कि 231 करोड़ की इस योजना के लिए सीजीएमएससी डेढ़ साल में निर्माण एजेंसी तय करने टेंडर भी पूरा नहीं कर पाई है। पेचीदगी और अन्य नियमों की वजह से उसका दो प्रयास फेल हो चुका है। योजना के मुताबिक यहां 6 मंजिला सुविधायुक्त हास्पिटल तैयार करना है और योजना की इतनी धीमी चाल से इसके पूरा होने में सालों लगने की संभावना है। इंटीग्रेटेड भवन बनाने के पहले चिन्हित स्थान पर खड़े हास्टल के खंडहर को गिराना होगा और उससे निकलने वाले मलबे को हटाना बड़ा और चुनौती भरा काम है। योजना से संबंधित काम पूरा करने की सुस्ती के कारण भवन तैयार होने में कई साल लगने की संभावना है। तब तक आंबेडकर अस्पताल के कई विभाग में आने वाले मरीजों को बेड शेयर कर अपना इलाज कराना होगा। ओवरलोड मरीजों की समस्या सबसे ज्यादा अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग, शिशु रोग, मेडिसिन और सर्जरी जैसे विभागों में है।

# गो सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण की तैयारियां पूर्ण

**महासमुंद।** गोमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से देशव्यापी स्तर पर संचालित गो सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण की सभी तैयारियां अब पूर्ण हो चुकी हैं। देशभर के सभी जिलों में स्थानीय कार्यकारिणी द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दे दिया गया है तथा संबंधित जिला प्रशासन से आवश्यक अनुमति भी प्राप्त कर ली गई है। आगामी 27 जुलाई 2026 को भारत के प्रत्येक जिले में संबंधित जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संबंधित राज्य के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को जनता की ओर से हस्ताक्षरयुक्त प्रार्थना-पत्र एवं ज्ञापन सौंपे जाएंगे। विदित हो कि पिछले लगभग छह माह से देशभर के संतों, गोसेवकों एवं गोभक्तों के नेतृत्व में गो सम्मान आह्वान अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के माध्यम से सम्पूर्ण भारत में गोहत्या-निषेध के लिए केंद्रीय कानून का निर्माण, गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान प्रदान करना, गोचर भूमि को अतिक्रमणमुक्त कराना, केंद्रीय गो मंत्रालय की स्थापना, केंद्रीय गो-चारा नीति का निर्माण तथा कृषि, चिकित्सा, पर्यावरण, शिक्षा एवं मानव जीवन से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों को गो-केंद्रित राष्ट्रीय नीति का हिस्सा बनाने सहित 30 से अधिक प्रमुख मांगें सरकार के समक्ष रखी जा रही हैं। इन मांगों के समर्थन में देशभर में व्यापक जनजागरण एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया है। ज्ञात हो कि अभियान के प्रथम चरण में 27 अप्रैल 2026 को देश की लगभग 5,000 तहसीलों के माध्यम से 5 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षरों सहित राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री तथा संबंधित राज्यों के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्रियों को प्रार्थना-पत्र सौंपे गए थे। अभियान के पदाधिकारियों के अनुसार इन मांगों पर अब तक अपेक्षित निर्णय न लिए जाने के कारण अब द्वितीय चरण के अंतर्गत 27 जुलाई 2026 को पुनः देशभर के सभी जिलों से अनुस्मारक (रिमाइंडर) प्रार्थना-पत्र सरकार को प्रेषित किए जाएंगे। इस बार अभियान के अंतर्गत संपूर्ण भारत से 15 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षरों सहित प्रार्थना-पत्र सरकार को भेजे जाएंगे।जिला महासमुंद की ओर से भी लगभग सवा चार लाख हस्ताक्षरों सहित संबंधित जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, संबंधित राज्य के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को प्रार्थना-पत्र एवं ज्ञापन सौंपा जाएगा। आगे जिला प्रभारी ने बताया कि जिला महासमुंद में कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

पेज 11 के शेष...

### केबल वायर सहित....

पंप केबल वायर सहित रखा था जिसे कोई अज्ञात चोर, चोरी कर ले गया था। इस रिपोर्ट पर पुलिस को मुखबिर से पता चला कि ग्राम धमनी के लक्की उर्फ चंन्द्रकांत तारक एवं हर्ष यादव समर्सिबल पंप और केबल वायर बेचने के लिए ग्राहक का तलाश कर रहे है। सूचना पर ग्राम किरवई के टिकेश मोटर वाइंडिंग के पास दो लड़के संदिग्ध हालत में मिले जिन्हे कड़ाई से पुछताछ करने पर समर्सिबल पंप और केबल वायर बेचने के लिए ग्राहक तलाश करना बताया। इन दोनों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकर करते हुए बताया कि वे ग्राम धमनी में मुकेश सोनवानी के खेत से लगे कमरा का संकल तोड़कर अंदर रखे समर्सिबल पंप एवं केबल वायर को चोरी कर निकल गए थे। बाद में इसे बेचने के लिए ग्राहक तलाशते रहे। इन दोनों आरोपियों के संयुक्त कब्जे से समर्सिबल पंप एवं केबल वायर को पुलिस ने जप्त किया। आरोपियों का नाम लक्की उर्फ चंन्द्रकांत तारक पिता ईश्वर तारक उम्र 19 वर्ष, हर्ष यादव पिता श्यामु यादव उम्र 22 वर्ष साकिन ग्राम धमनी थाना राजिम को धारा 331(4),305,3(5) बीएनएस. के तहत विधिवत समक्ष गवाह के गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### लाखों की लागत...

निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप किया गया होता तो सामान्य बारिश में पुलिया कभी नहीं टूटती। **पुलिया का पुनर्निर्माण शीघ्र कराया जाए** - उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि पुलिया का पुनर्निर्माण शीघ्र कराया जाए ताकि ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा दोबारा मिल सके। फिलहाल पुलिया के ढहने के बाद गांव के लोगों में भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि जब तक पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक ऐसे घटिया निर्माण कार्यों पर रोक लगना मुश्किल है। इस संबंध में वास्तविक जानकारी लेने के लिए लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार एसडीओ जेके साहू को दो बार फोन लगाया गया, लगातार घंटी जाने के बावजूद उन्होने फोन रिसीव्ह नहीं किया।

### तेज रफ्तार का...

की टक्कर में नगरी निवासी 50 वषएॅय बलू साहू घायल हो गए थे। उन्हें भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग में भतएॅ कर उपचार किया गया। घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के ईएमटी मनीष कुमार साहू एवं पायलट उपेंद्र यादव तत्काल मौके पर पहुंचे और घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमलीपदर पहुंचाकर समय पर उपचार शुरू कराया। उनकी त्वरित कार्यवाही की स्थानीय लोगों ने सराहना की।

### लोहरसी, तरीघाट और...

कार्य शुरू कर दिया। लोहरसी में जहां-जहां बड़े गड्ढे और जलभराव की समस्या थी, वहां सुधार कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। विभाग द्वारा वैकल्पिक आवागमन की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को कम से कम परेशानी हो। ग्रामीणों, अभिभावकों और राहगीरों ने कहा कि यदि मिडिया लगातार जनसमस्याओं को सामने लाए और प्रशासन समय पर संज्ञान ले, तो आम जनता को बड़ी राहत मिल सकती है। उन्होंने हरिभूमि, जिला पंचायत सदस्य तथा लोकनिर्माण विभाग का आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि शेष क्षतिग्रस्त मार्गों का भी शीघ्र स्थायी समाधान किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### जिले में मना मजदूर संघ का स्थापना दिवस, जल्द गठित होगी नई जिला इकाई

**गरियाबंद।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) का स्थापना दिवस शुक्रवार को जिला मुख्यालय गरियाबंद में उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रभारी परमेश्वर कन्नौजे ने की, जबकि संचालन ठाकुर राम साहू ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता, भगवान विश्वकर्मा एवं भारतीय मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर तथा उपस्थित कार्यकर्ताओं को तिलक लगाकर की गई। इसके बाद सभी प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त किया गया। अपने संबोधन में जिला प्रभारी परमेश्वर कन्नौजे ने स्थापना दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय मजदूर संघ की रीति-नीति और संगठन की मूल भावना राष्ट्र हित, उद्योग हित और श्रमिक हित/" से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। उन्होंने दत्तोपंत ठेंगड़ी के जीवन एवं उनके संगठनात्मक योगदान पर भी संक्षिप्त जानकारी दी। जिला संयोजक ठाकुर राम साहू ने गरियाबंद जिले में भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई के गठन की जिम्मेदारी लेने की घोषणा की और सभी कार्यकर्ताओं से सहयोग का आह्वान किया। उपस्थित सदस्यों ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए शीघ्र ही गरियाबंद जिला इकाई के गठन का निर्णय लिया। कार्यक्रम के अंत में भोगेंद्र सिन्हा ने सभी अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। आयोजन को सफल बनाने में बिजली कर्मचारी महासंघ के अजय कुमार वर्मा एवं भान सिंह कंवर का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में लगभग 15 महिला एवं पुरुष कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# डिजिटल लत छोड़कर मैदान और किताबों से जुड़ें बच्चे : दीपक साहू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम**

भारत के भावी भविष्य बच्चों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, संस्कार, खेल भावना एवं स्वस्थ जीवनशैली विकसित करने के उद्देश्य से भारतीय जनता युवा मोर्चा, जिला गरियाबंद के जिलाध्यक्ष दीपक साहू के नेतृत्व में एक प्रेरणादायी गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चे, युवा, अभिभावक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दीपक साहू ने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली, बढ़ती डिजिटल निर्भरता एवं सामाजिक चुनौतियों के बीच बच्चों का शारीरिक, मानसिक और चारित्रिक विकास अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि खेलकूद, योग एवं नियमित व्यायाम बच्चों को स्वस्थ, अनुशासित और आत्मविश्वासी बनाते हैं, वहीं राष्ट्रभक्ति, देशप्रेम और भारतीय संस्कृति के संस्कार उन्हें जिम्मेदार एवं आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे देश की अमूल्य धरोहर हैं और उनके व्यक्तित्व निर्माण की जिम्मेदारी केवल विद्यालयों की नहीं, बल्कि परिवार, समाज एवं सामाजिक संगठनों की भी है। यदि बचपन से ही बच्चों में राष्ट्र प्रथम की भावना, सेवा, अनुशासन, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता तथा भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान का भाव विकसित किया जाए, तो वे भविष्य में देश के सशक्त, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनेंगे।

**बच्चों में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और खेल भावना विकसित करने भाजयुमो की प्रेरणादायी गोष्ठी**



### डिजिटल स्क्रीन से दूर कर खेल मैदान से जोड़ने की अपील

दीपक साहू ने युवाओं और अभिभावकों से आह्वान करते हुए कहा कि बच्चों को मोबाइल और सोशल मीडिया की अनावश्यक लत से दूर रखते हुए खेल मैदान, पुस्तकालय, योग, व्यायाम, सांस्कृतिक गतिविधियों और सामाजिक सेवा से जोड़ना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर, सशक्त विचार और राष्ट्रभक्ति की भावना ही विकसित भारत की मजबूत नींव बनेगी। गोष्ठी के दौरान बच्चों को नियमित योग, व्यायाम, खेलकूद, नैतिक शिक्षा, अनुशासन, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। साथ ही सभी ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए समाज और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों ने इस प्रकार के प्रेरणादायी आयोजनों को समय-समय पर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।

### चालकों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा, शिकायत के बाद भी प्रशासन मौन

# नवा रायपुर व आरंग मार्ग पर मवेशियों का कब्जा, अंधेरा घिरते ही सड़कों पर बैठ रहे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-राजिम**

सड़के वाहनों की सुरक्षित आवाजाही के लिए बनाई जाती हैं, लेकिन जब उन्हीं सड़कों पर मवेशियों का कब्जा हो जाए तो हर गुजरने वाला व्यक्ति अपनी जान हथेली पर रखकर सफर करने को मजबूर हो जाता है। ऐसा ही चिंताजनक नजारा शनिवार शाम करीब 6:20 बजे जौंदा-चंपारण जाने वाले मोड़ पर देखने को मिला, जहां बीच सड़क पर बड़ी संख्या में मवेशी खड़े और बैठे हुए थे। मोड़ होने के कारण पहले से ही यहां दृश्यता कम रहती है, ऊपर से सड़क पर सैकड़ों मवेशियों की मौजूदगी ने हालात को और अधिक खतरनाक बना दिया है। इसी दौरान आरंग की ओर जा रही एक यात्री बस और पीछे से आ रहा एक ट्रक आमने-सामने पहुंच गए। दोनों वाहन चालकों ने बड़ी सूझबूझ दिखाते हुए अपनी गाड़ियों को सड़क के किनारे नीचे उतारकर निकाला, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, कुछ पल के लिए दोनो वाहन चालकों की सांसें थम सी गईं। यदि थोड़ी भी चूक होती तो बड़ी दुर्घटना से इन्कार नहीं किया जा सकता था। ग्रामीणों ने बताया कि यह कोई एक दिन की समस्या नहीं है, बल्कि रोज का ढर्रा बन चुका है। शाम ढलने के बाद भी मवेशी पालक अपने पशुओं को घर नहीं ले जाते। नतीजतन रात तक भी मवेशी जौंदा बस स्टैंड और मुख्य सड़क पर बेखौफ घूमते, खड़े और बैठे रहते हैं। इससे राहगीरों, बाइक सवारों और भारी वाहनों के चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।





### रात में सबसे ज्यादा खतरा, हादसों का इंतजार कर रहा प्रशासन

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार इस संबंध में शिकायत भी की गई, लेकिन न तो मवेशी पालकों ने अपनी जिम्मेदारी निभाई और न ही संबंधित विभाग ने कोई ठोस कार्रवाई की। सबसे अधिक खतरा रात के समय रहता है, जब अंधेरे में अचानक सामने आए मवेशियों के कारण वाहन चालक अपना संतुलन खो बैठते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कभी भी बड़ा सड़क हादसा हो सकता है। इससे दो कदम आगे तो नवागांव बस्ती में देखने को मिला। ये नया रायपुर मार्ग है। कमोवेश यही हाल पारागांव में भी रहा। इस तरह नवा रायपुर मार्ग पर और इससे जुड़े आरंग मार्ग पर हर गांव के बस स्टेण्ड में ऐसे ही झुंड के झुंड मवेशी बड़ी संख्या में सड़क के ऊपर खड़े अथवा बैठे रहते है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर खुले घूमने वाले मवेशियों को तत्काल हटाने, मवेशी पालकों पर आवश्यक कार्रवाई करने तथा इस मार्ग पर नियमित निगरानी की व्यवस्था की जाए, ताकि आम नागरिकों की जान जोखिम में न पड़े। फिलहाल जौंदा-चंपारण मोड़ की यह तस्वीर यही सवाल खड़ा कर रही है कि आखिर सड़क पर कब्जा जमाए इन मवेशियों की जिम्मेदारी कौन लेगा, और किसी बड़े हादसे के बाद जवाबदेही किसकी तय होगी? स्थानीय लोग अब प्रशासन की त्वरित कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं।

## छिन्दौला आदिवासी आश्रम में 6 माह से अधर में अटका अतिरिक्त भवन निर्माण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर**



तहसील मुख्यालय मैनपुर से 18 किमी दूर ग्राम पंचायत दबनई के आश्रित ग्राम छिन्दौला स्थित आदिवासी बालक आश्रम परिसर में पिछले 06 माह से अतिरिक्त भवन निर्माण कार्य अधुरा पड़ा हुआ है। इस भवन का निर्माण कौन सा विभाग से और कितने की लागत से किया जा रहा है कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड पटल भी नही लगा है और तो और भवन निर्माण के नाम पर आश्रम के आहता को तोड़ दिया गया है जिसके कारण इस आश्रम में कभी भी मवेशी व अन्य पशु घुस जाते है साथ ही जंगल क्षेत्र होने के कारण कभी भी वन्यप्राणियों के घुसने का अंदेशा बनी रहती है। गरियाबंद जिले के ग्रामीण इलाको में चल रहे शासकीय निर्माण कार्यो के देखरेख करने वाला कोई जिम्मेदार नहीं है जिसके कारण दर्जनों भवन निर्माण कार्य वर्षो से अधुरा पड़ा हुआ है। एक तरह से क्षेत्र में शासकीय राशियों का खुलेआम दुरूपयोग किया जा रहा है और इसे देखने वाला कोई नहीं है। इस भवन निर्माण के संबंध में आश्रम प्रबंधन को भी कोई जानकारी नहीं है कि भवन का निर्माण कौन सा विभाग द्वारा और कौन सा कार्य एजेंसी द्वारा करवाया जा रहा है और तो और इसकी जानकारी ग्राम पंचायत के निर्वाचित पदाधिकारियों को भी नहीं है।

### निर्माण स्थल पर सूचना पटल गायब

गरियाबंद जिले के कलेक्टर द्वारा लगातार बैठको में निर्देश दिया जाता है कि जहां भी शासकीय निर्माण कार्य किया जा रहा है। पारदर्शिता लाने के लिए वहां सूचना पटल लगाया जाये और नियमानुसार हर निर्माण कार्य में सूचना पटल लगाना जरूरी भी है इसके लिए अलग से राशि आबंटित किया जाता है ताकि सूचना पटल के माध्यम से आसानी से लोगों को पता चल सके कि यह निर्माण कार्य कौन सा विभाग द्वारा और कितने की लागत से तथा कितने दिनों में पूर्ण करना है सामान्य जानकारी अंकित किया जाता है लेकिन जिले के दुरस्थ वनांचल क्षेत्रे मे बगैर सूचना पटल के निर्माण कार्य किया जा रहा है जिसके कारण लोगों को यहा पता नहीं चल पा रहा है कि निर्माण कार्य कब तक पूरा करना है क्षेत्र के लोगों ने गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उइके से मांग किया है कि सभी निर्माण कार्यो में सूचना पटल लगाया जाए। ग्राम दबनई आश्रम परिसर में इस लाखों रुपए की लागत से निर्माण किए जा रहे भवन निर्माण कार्य को पिछले 06 माह से अधुरा छोड़ दिया गया है भवन निर्माण कार्य कब तक पूरा किया जाएगा कोई बताने वाला नहीं है।

# राजिम में संघ के 3 दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजिम द्वारा तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ। 27 जुलाई की प्रातः तक चलने वाले इस प्रशिक्षण वर्ग में राजिम नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से 40 शिक्षार्थी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, सेवा भाव एवं चरित्रवान व्यक्तित्व का निर्माण करना है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से राष्ट्र निर्माण एवं समाज सेवा के कार्यों में निरंतर सक्रिय है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वर्ग में युवाओं को शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक रूप से सशक्त बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वर्ग के दौरान स्वयंसेवकों को व्यायाम, योग, नियुद्ध (कराटे), विभिन्न खेल, दंड संचालन सहित अनेक शारीरिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वहीं बौद्धिक सत्रों में देशभक्ति गीत, समूह चर्चा, सुभाषित, प्रेरक प्रसंग तथा अभिव्यक्ति सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे शिक्षार्थियों में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक समरसता, नेतृत्व क्षमता एवं सेवा का भाव विकसित हो सके। संघ पदाधिकारियों ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग के समापन के पश्चात 1 अगस्त (शनिवार) को सरस्वती शिशु मंदिर, राजिम में गुरु पूजन उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक अभय राम जी का मार्गदर्शन एवं बौद्धिक प्राप्त होगा। प्रशिक्षण वर्ग एवं आगामी गुरु पूजन उत्सव को सफल बनाने में अजय साव, नामदास लहरे, जगमोहन घाटगे, सुरेश यादव, संजय सिन्हा, शिव साहू, बादल साहू, महेश देवांगन, अजय पटेल, लालजी साहू, जिनेंद्र साहू सहित राजिम नगर के सभी स्वयंसेवक सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं।



40 शिक्षार्थी ले रहे प्रशिक्षण

# सुरसाबांधा हाई स्कूल के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को भेंट की टाई

**सुरसाबांधा।** शासकीय हाई स्कूल के प्राचार्य एवं सुरसाबांधा निवासी श्यामसुंदर साहू ने विद्यार्थियों में अनुशासन, समानता एवं विद्यालय के प्रति आत्मीयता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से बच्चों को टाई भेंट की। प्राचार्य श्री साहू प्रतिवर्ष विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए अपने स्तर पर उपयोगी सामग्री भेंट करते हैं। पिछले वर्ष उन्होंने सभी विद्यार्थियों को निःशुल्क मोजे वितरित किए थे। इस अवसर पर प्राचार्य श्यामसुंदर साहू ने कहा कि विद्यालय की गणवेश केवल एक पोशाक नहीं, बल्कि अनुशासन, एकता और विद्यालय की पहचान का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से पूर्ण गणवेश में विद्यालय आने, समय का पालन करने तथा मन लगाकर अध्ययन करने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को गणवेश एवं व्यक्तिगत स्वच्छता से जुड़े आठ महत्वपूर्ण बिंदुओं का पालन करने के निर्देश दिए। बालकों के लिए नीली पैंट, सफेद शर्ट, टाई, बेल्ट, सफेद मोजे, काले जूते, शर्ट को ठीक से इन करना, बालों में तेल एवं कंघी करना, साफ-सुथरे कपड़े पहनना तथा बाल और नाखून समय-समय पर कटवाना आवश्यक बताया। वहीं बालिकाओं के लिए नीली कुर्ती, सफेद पायजामा, सफेद दुपट्टा, दो सफेद रिबन, दो चोटी, सफेद मोजे, काले जूते, बालों में सीधी मांग तथा साफ-सुथरी वेशभूषा के साथ विद्यालय आने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों ने प्राचार्य द्वारा दिए गए इस प्रेरणादायक उपहार के लिए आभार व्यक्त किया और पूर्ण गणवेश के साथ नियमित रूप से विद्यालय आने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, अनुशासन और शैक्षणिक वातावरण को सुदृढ़ बनाने की दिशा में सराहनीय कदम बताया।



# साहस, संयम और अनुशासन से मिलती है सफलता : चंदूलाल साहू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुईहा बेलर**

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ जिला संघ गरियाबंद के तत्वाधान में जिला शिक्षा अधिकारी जिला व पदेन जिला आयुक्त राजेश चंद्राकर जिला सचिव रोमन लाल साहू के मार्गदर्शन व जिला मुख्य आयुक्त ओंकार साहू की उपस्थिति एवं डी ओ सी स्काउट आशीष साहू व डी ओ सी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में जिला स्तरीय तृतीय सोपान/निपुण स्काउट गाइड के जाँच परीक्षा शिविर का शुभारंभ शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सेंदर में किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में गरियाबंद जिले के पांचों विकासखण्ड के स्काउट-गाइड/रोवर-रेंजर शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वज शिष्टाचार के साथ हुआ। तत्पश्चात डी ओ सी आशीष साहू द्वारा पांच दिवसीय प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का पंजीयन कर कमरे व रोल नम्बर का आबंटन करते हुए स्काउट-गाइड/रोवर-रेंजर को उनके दायित्वो को समझाते हुए प्रभार वितरण किया गया।

**स्काउट हमें सेवा भाव के साथ जीवन जीने की कला सिखाती है-** इस प्रशिक्षण शिविर में 239 स्काउट-गाइड/रोवर-रेंजर व प्रभारी भाग लिए है। जिला सचिव रोमन लाल साहू ने बताया कि जिले के बहुत से स्काउट-गाइड/रोवर-रेंजर पचमढ़ी, कुल्लू मनाली, गोवा, गदपुरी (हरियाणा) आदि स्थानों में शामिल होकर हाईक एवं एडवेंचर शिविर में भाग लिए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंदूलाल अध्यक्ष भंडार गृह निगम छत्तीसगढ़ अध्यक्षता नंदिनी ओंकार साहू सभापति जिला पंचायत गरियाबंद ने किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में गामनी घृतलहरे सरपंच ग्राम पंचायत सेंदर, तुलसी राम वर्मा उपसरपंच, रामाधार साहू पूर्व सरपंच, मेघा ठाकरे प्राचार्य सेंदर उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चंदूलाल अध्यक्ष भंडार गृह निगम नेकहा कि स्काउट-गाइड के माध्यम से छात्र-छात्राओं के अंदर छुपी हुई प्रतिभा निखर कर सामने आती है। हमें अपने सपनों को साकार करने व लक्ष्य प्राप्त करने के लिए साहस, संयम और आत्मविश्वास के साथ कार्य करना चाहिए तो निश्चित ही सफलता मिलती है। नंदिनी ओंकार साहू सभापति जिला पंचायत गरियाबंद ने कहा कि स्काउट हमें दया, प्रेम, परोपकार व सेवा भाव के साथ जीवन जीने की कला सिखाती है। इस अवसर पर विकासखंड सचिव मुराली साहू, रामप्रसाद साहू, सुनील देशलहरे (डीटीसी), गिरवर यादव (परीक्षक स्काउट), जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू, ईश्वर मालाकार, लॉरेंस महिलांगे, गीतांजलि सिन्हा, गोपेश्वरी साहू, प्रेमलाल साहू (भोजन प्रभारी), मालिक राम मरकाम, चंद्रिका साहू, दीपक कुमार बांधे, जुली क्रिस्टीना सहित बड़ी संख्या में स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर और ग्रामीणजन उपस्थित थे।





HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी • एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी • सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाइड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा • आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार, • TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी. सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सरस्वती सायकिल योजना मे 2002 की सूची की बाध्यता समाप्त करने की मांग




**छुरा।** छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से पूरे प्रदेश में छात्राओं के लिए सरस्वती साइकिल योजना के तहत निःशुल्क साइकिल वितरण किया जाता है, लेकिन पिछड़े वर्ग के छात्राओं को इसका लाभ नहीं दिया जा रहा है क्योंकि इनका नाम 2002 के सभी सूची में न होने से पात्र नही है, इससे काफी संख्या इस वर्ग की गरीब व वनांचल क्षेत्र की बालिकाएं इस महत्वाकांक्षी योजना से वंचित हो रहे हैं ,इस विषय को लेकर छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव जी को एक पत्र लिखकर अवगत कराते हुए मांग किया है कि कक्षा नवी अध्ययन रत सभी छात्राओं को यह सुविधा उपलब्ध कराई जावे, इसमें 2002 की सूची में परिवार का नाम होने वाले शर्त को हटाया जाना चाहिए, क्यों कि वनांचल क्षेत्र में रहने वाले गरीब मजदूर वर्ग जिनके बेटियों को वास्तविक रूप से इस योजना की जरूरत है, उनके परिवार रोजगार की तलाश में बाहर रहने या अन्य कारणो से सूची में नाम नहीं हैं, इनकी संख्या प्रदेश के सभी क्षेत्रों में काफी तादाद में है।

### अनिता उपाध्याय सांसद प्रतिनिधि नियुक्त

**मैनपुर।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने नगर पंचायत देवभोग के लिए अपने सांसद प्रतिनिधि के रूप में अनिता उपाध्याय की नियुक्ति की है। इस संबंध में सांसद कार्यालय से 20 जुलाई 2026 को जारी आधिकारिक पत्र के माध्यम से गरियाबंद कलेक्टर को नियुक्ति की सूचना भेजी गई है।



सांसद प्रतिनिधि के रूप में अनिता उपाध्याय अब नगर पंचायत देवभोग में सांसद की ओर से विभिन्न शासकीय बैठकों, विकास योजनाओं की समीक्षा, जनसमस्याओं के निराकरण तथा स्थानीय मुद्दों को सांसद तक पहुंचाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाएंगी। इससे नगर पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों की निगरानी और जनहित के मामलों में समन्वय को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। नवनियुक्त सांसद प्रतिनिधि अनिता उपाध्याय ने कहा– मुझ पर जो विश्वास व्यक्त किया है, उसके लिए मैं उनका हृदय से आभार व्यक्त करती हूं। यह केवल एक पद नहीं बल्कि जनता की सेवा का अवसर है। मेरी पहली प्राथमिकता नगर पंचायत देवभोग की जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनना और उन्हें प्रशासन एवं सांसद महोदया तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना रहेगा। विकास कार्यों में पारदर्शिता, जनभागीदारी और त्वरित समाधान के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करूंगी।

### गुंडिचा मंदिर से श्रीमंदिर तक निकली आस्था की विराट यात्रा, श्रद्धालुओं ने किए महाप्रभु के दर्शन

# महाप्रभु लौटे अपने घर, बाहुड़ा रथयात्रा में उमड़ा हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा रथयात्रा शुक्रवार को गरियाबंद में पूरे धार्मिक उत्साह, श्रद्धा और पारंपरिक वैभव के साथ संपन्न हुई। 24 दिनों तक चले धार्मिक अनुष्ठानों के समापन पर भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा अपने श्रीमंदिर लौटे। पूरे नगर में "जय जगन्नाथ" के जयघोष गूंजते रहे और हजारों श्रद्धालु महाप्रभु के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। शुक्रवार शाम गुंडिचा (शीतला) मंदिर से भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा रथयात्रा विधिवत प्रारंभ हुई। रथ यादवपारा, बजरंग चौक, तिरंगा चौक, संतोषी मंदिर और गौरव पथ होते हुए राम-जानकी मंदिर पहुंचा। यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने रथ का स्वागत किया, पुष्पवर्षा की और भगवान के दर्शन कर स्वयं को धन्य माना। रथयात्रा के दौरान समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए हलवा-पूरी महाप्रसाद का वितरण भी किया गया। सुबह से ही जगन्नाथ मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, मंगल आरती, भजन-कीर्तन और महाप्रसाद वितरण का आयोजन हुआ। भगवान के श्रीमंदिर लौटने की खुशी में पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।



### देवस्नान से लेकर बाहुड़ा यात्रा तक का 24 दिवसीय चक्र

धार्मिक परंपरा के अनुसार ज्येष्ठ पूर्णिमा पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा का 108 कलशों के पवित्र जल, चंदन और औषधीय द्रव्यों से देवस्नान कराया जाता है। इसके बाद भगवान 16 दिनों के लिए अनासर (एकांतवास) में रहते हैं। इस अवधि में उनके दर्शन बंद रहते हैं और वैदिक परंपरा के अनुसार औषधीय उपचार किया जाता है। अनासर के बाद नेत्रोत्सव में भगवान के नेत्रों का पुनः अंकन किया जाता है, जिसके पश्चात आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को तीनों विग्रह भव्य रथों में सवार होकर मौसीबाड़ी (गुंडिचा मंदिर) के लिए प्रस्थान करते हैं। वहां आठ दिनों के प्रवास के बाद बाहुड़ा रथयात्रा के माध्यम से पुनः श्रीमंदिर लौटते हैं।

### माता लक्ष्मी की मान-मनौव्वल की अनोखी परंपरा बनी आकर्षण का केंद्र

बाहुड़ा रथयात्रा के दौरान जब भगवान जगन्नाथ श्रीमंदिर के मुख्य द्वार पहुंचे तो परंपरा के अनुसार उन्हें कुछ समय के लिए मंदिर के बाहर ही प्रतीक्षा करनी पड़ी। मंदिर के पुजारी ने बताया कि रथयात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ माता लक्ष्मी को साथ लेकर मौसीबाड़ी नहीं गए थे। इसी कारण माता लक्ष्मी प्रतीकात्मक रूप से नाराज होकर मंदिर का द्वार बंद कर देती हैं। लगभग 15 मिनट तक भगवान के प्रतीकात्मक इंतजार के बाद विधि-विधान, पूजा-अर्चना और मान-मनौव्वल की रस्म पूरी की जाती है। इसके पश्चात माता लक्ष्मी प्रसन्न होकर भगवान का श्रीमंदिर में पुनः स्वागत करती हैं। यह परंपरा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। बाहुड़ा रथयात्रा के सफल आयोजन के साथ गरियाबंद में भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के 24 दिवसीय धार्मिक महोत्सव का श्रद्धा, आस्था और उल्लासपूर्ण वातावरण में समापन हुआ। पूरे आयोजन के दौरान भक्तों में गहरा उत्साह देखने को मिला और नगर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।

# मंत्री गुरु खुशवंत और रोहित साहू ने खरीदा जंगली मशरूम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मैनपुर एवं अमलीपदर क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे छत्तीसगढ़ प्रदेश के कौशल विकास तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरू खुशवंत साहेब एवं राजिम विधायक रोहित साहू धवलपुर नवागढ़ सड़क किनारे जंगल मे जंगली मशरूम फुटु बेच रहे ग्रामीणों के सामने अचानक अपने वाहन रूकवा कर उनसे फुटु खरीदा। इस दौरान ग्रामीण महिलाओ ने मंत्री को पहचान लिया तो मंत्री ने उनका हालचाल जाना और उन्हे पूछा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाये जा रहे महतारी वंदन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ कितने लोगो को मिल रहा है तो ग्रामीण महिलाओ ने खुशी खुशी मंत्री को बताया कि उन सभी को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है जिससे वे काफी खुश है। ग्रामीण महिलाओं ने कहा की हम लोग आसपास गांव में जंगल के भीतर निवास करते है और उनके गांव हाथी प्रभावित इलाका है जहां कभी भी जंगल हाथी का झुंड पहुंचकर मकानों और फसलों को क्षति पहुंचाता है लेकिन सरकार की योजना प्रधानमंत्री आवास से उन्हे काफी लाभ मिला है। प्रधानमंत्री आवास मे सभी लोग सुरक्षित रहते है क्योकि इस आवास को हाथी नहीं तोड़ पाता इस दौरान ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि कई आवास निर्माण कार्य अधुरा पड़ा हुआ है दूसरा और अंतिम किस्त नहीं मिलने की जानकारी दिया साथ ही ग्रामीण महिलाओं ने मंत्री से सरकार के कमार जनजातियों के लिए चलाए जा रहे योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग किया। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं ने मंत्री के साथ फोटो खिचवाया। गुरू खुशवंत साहेब ने कहा की गरियाबंद कलेक्टर को तत्काल यहां आवास और कमार जनजाति के लोगों को योजनाओ के संबंध मे निर्देश दिया जायेगा।

# दादरगांव में छुरा कलार समाज की बैठक नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ कलार समाज परिक्षेत्र छुरा की आवश्यक बैठक ग्राम दादरगांव में आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन देव की पूजा-अर्चना एवं वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात समाज के विभिन्न संगठनात्मक एवं सामाजिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित समाजजनों ने सर्वसम्मति से संगठन को सुदृढ़ एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का मनोनयन किया। सर्वसम्मति से हेमंत सिन्हा (नरतोरा), रोहित सिन्हा (छुरा), निहाली सिन्हा (कुरेकेरा), कुलेश्वर सिन्हा (हरदी) एवं कुमारी सिन्हा (छुरा) को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया।

इसी प्रकार मिथलेश कुमार सिन्हा (छुरा) को तहसील निर्वाचन अधिकारी, बालचंद सिन्हा (छुरा) को कोष निरीक्षक, भूपेन्द्र सिन्हा (टेंगनाबासा) को प्रचार-प्रसार मंत्री तथा कमलनारायण सिन्हा (दादरगांव)को सहसचिव के दायित्व से मनोनीत किया गया। बैठक में समाज की एकता, संगठन के विस्तार, सामाजिक विकास तथा आगामी गतिविधियों को लेकर भी महत्वपूर्ण विचार-विमर्श किया गया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का उपस्थित समाजजनों ने स्वागत करते हुए उनसे समाजहित में सक्रिय एवं समर्पित भाव से कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की। इस अवसर पर मंडलेश्वर शिवलाल सिन्हा, संरक्षक रमेश सिन्हा, कोषाध्यक्ष हरि सिन्हा, सचिव प्रकाश सिन्हा, जिला सलाहकार चिंताराम सिन्हा, जिला कार्यकारिणी सदस्य- मानसिंह सिन्हा, कुलेश्वर सिन्हा, मोहेंद्र सिन्हा, क्षेत्राधिकारी प्रीतराम सिन्हा,रेवाराम सिन्हा, रूपसिंह सिन्हा, ग्राम प्रमुख - टीकम सिन्हा, छबिराम सिन्हा, हीरालाल सिन्हा, नीलकंठ सिन्हा, भगतराम सिन्हा, महेश सिन्हा, हिमाचल सिन्हा, युवा मच कोषाध्यक्ष उमेश सिन्हा, सालिक राम, वीरसिंह सिन्हा, हरिलाल सिन्हा, रितेंद्र सिन्हा, श्यामलाल सिन्हा एवं सिन्हा के सामाजिक बंधु भगिनी उपस्थित थे।



# आईएसबीएम यूनिवर्सिटी में कार्यशाला एआई से बनाएं मजबूत बिजनेस प्रपोजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



आईएसबीएम विश्वविद्यालय की संस्थान नवाचार परिषद के तत्वावधान में शनिवार को विश्वविद्यालय के शैक्षणिक खंड-द्वितीय स्थित सेमिनार हॉल में "कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग कर निधि-संग्रह एवं निवेशक प्रस्तुति तैयार करना" विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को स्टार्टअप के लिए पूंजी जुटाने, निवेशकों के समक्ष प्रभावशाली व्यावसायिक प्रस्ताव प्रस्तुत करने तथा इन कार्यों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इसके पश्चात विश्वविद्यालय परिवार की ओर से मुख्य वक्ता, अतिथियों, अधिकारियों, संकाय सदस्यों, संस्थान नवाचार परिषद के सदस्यों तथा विद्यार्थियों का आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने कहा कि वर्तमान समय की प्रमुख चुनौतियों में युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन तथा नवाचारपूर्ण विचारों के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन प्राप्त करना शामिल है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देकर तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी आधुनिक तकनीकों का सही उपयोग करके इन चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता व्यवसाय संबंधी विचारों को विकसित करने, बाजार की आवश्यकताओं को समझने, निवेशकों की अपेक्षाओं का विश्लेषण करने और प्रभावशाली प्रस्तुति तैयार करने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान कर सकती है। विश्वविद्यालय की संयुक्त कुलसचिव डॉ. रानी झा ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को केवल रोजगार खोजने वाला नहीं, बल्कि रोजगार देने वाला बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने बताया कि एक सफल उद्यमी बनने के लिए अच्छे विचार के साथ-साथ उचित योजना, बाजार की समझ, वित्तीय प्रबंधन और प्रभावी निधि-संग्रह रणनीति आवश्यक है।

# सरस्वती शिशु मंदिर में नवनिर्वाचित छात्र-छात्राओं व प्रतिनिधियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान की वार्षिक कार्ययोजना के अंतर्गत श्री भूतेश्वर नाथ बाल संस्कार समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गरियाबंद में शनिवार को नवनिर्वाचित शिशु भारती, बाल भारती, किशोर भारती, कन्या भारती एवं गणित-विज्ञान परिषद के पदाधिकारियों का गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह उत्साह और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में विद्यालय परिवार, आचार्य-दीदी, विद्यार्थियों एवं अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के व्यवस्थापक सत्य प्रकाश मानिकपुरी, विशिष्ट अतिथि वर्षा तिवारी तथा विद्यालय के प्राचार्य चैन सिंह बघेल उपस्थित रहे। प्राचार्य चैन सिंह बघेल ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि नेतृत्व, अनुशासन, सेवा और राष्ट्रभक्ति के संस्कारों की पाठशाला है। उन्होंने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने आचरण, व्यवहार और कार्यशैली से अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनें तथा विद्यालय की गरिमा को और ऊंचाइयों तक पहुंचाएं। विशिष्ट अतिथि वर्षा तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अनुशासन, समय का सदुपयोग और जिम्मेदारी का निर्वहन जीवन में सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने कहा कि नेतृत्व का अर्थ केवल पद प्राप्त करना नहीं, बल्कि अपने साथियों का मार्गदर्शन करना, सहयोग की भावना विकसित करना और समाज व राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व निभाना भी है। विद्यालय के व्यवस्थापक सत्य प्रकाश मानिकपुरी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।



# पितईबंद महानदी तटबंध में रेत का अवैध उत्खनन, कलेक्टर से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

ग्राम पंचायत पितईबंद के महानदी तटबंध क्षेत्र में जारी अवैध रेत उत्खनन को लेकर ग्राम पंचायत ने जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत की सरपंच गोदावरी बंजारे के नेतृत्व में उपसरपंच एवं पंचों का एक प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर गरियाबंद को ज्ञापन सौंपकर अवैध रेत उत्खनन पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि महानदी तटबंध से लगे नर्सरी क्षेत्र में माफियाओं द्वारा लगातार अवैध रेत उत्खनन किया जा रहा है। आरोप है कि रेत निकालने के दौरान नर्सरी में लगे करीब 20 हजार पेड़ों को नुकसान पहुंचाया जा चुका है। ग्रामीणों के अनुसार रेत का अवैध उत्खनन देर रात से सुबह 4 बजे के होते तक की जाती है। हैरानी की बात यह है कि इतना सारा शिकायत होने के बावजूद कार्रवाई के नाम पर शुन्य है। ग्रामीणो ने बताया कि बारिश के दौरान अवैध रेत परिवहन के लिए गांव की गलियों का उपयोग किए जाने से अत्यधिक कीचड़ हो गया है, जिससे आम लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पंचायत प्रतिनिधियों ने आशंका जताई है कि महानदी तटबंध क्षेत्र में लगातार अत्यधिक रेत उत्खनन से तटबंध कमजोर हो सकता है और बाढ़ की स्थिति में आसपास के लगे हुए खेतो के फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। ज्ञापन सौंपने वालों में सरपंच गोदावरी बंजारे, उपसरपंच शेखर बंजारे, सचिव ओमप्रकाश डहरिया ,पंच दुकेश नगारची, प्रभा बंजारे, भूलूराम बघेल, रामहीन भारती, जगदीश यादव, अनुसुइया बाई, दानेश यादव, शांति यादव, रूचि यादव, बसंती ध्रुव ,लक्ष्मी निषाद शामिल रहे। पंचायत प्रतिनिधियो ने कलेक्टर से मामले की जांच कर अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने तथा नर्सरी क्षेत्र को हो रहे नुकसान से बचाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि राजिम विधायक रोहित साहू, राजिम एसडीएम विशाल महाराणा, राजिम तहसीलदार पिंकी ध्रुव, खनिज अधिकारी गरियाबंद एवं राजिम थाना प्रभारी अमृत लाल साहू को प्रेषित की गई है।




# किसान निदानाशक के छिड़काव में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



क्षेत्र में लगातार गत सप्ताह भर अच्छी बारिश के बाद खेती किसानी में रफ्तार पकड़ ली है। खेतों में किसानों की चहल-पहल बढ़ गई है। सुबह से शाम 4 बजे तक किसान व मजदूर खेतों में अपने कार्य पर व्यस्त दिखने लगें हैं। इस बारिश से कई लोग परेशान नजर आ रहे थे, तो वहीं कृषकों की चेहरे पर मुस्कान है। वहीं साधन संपन्न किसान पहले से ही रोपाई का कार्य कर चुके हैं, और जिसका बाकी है वहां कर रहे हैं। सोसायटी और कृषि दुकान से खाद, बीज, और दवाई किसान अपने आवश्यकता अनुसार खरीदी की जा रही है। क्षेत्र में पारंपरिक रूप से बैलों से बियासी और जो किसान बियासी नहीं करना चाहते वो खाद छिड़काव कर कोपर चला रहे हैं। इस वर्ष अच्छी बारिश से धान बियासी व निदाई, कोड़ाई कराने के अनुकूल हो गई है। छोटे और मध्यम कृषि कार्य करने वाले किसानों ने बताया कि वे अपने खेतों को हल से ही जुताई व बुआई करते हैं। टैक्टर और रोटावेटर से खेती करने में किसानी लागत बढ़ जाती है। समय के अभाव और हल चलाने के झंझटों से अधिकांश कृषकों ने टैक्टर और रोटावेटर का उपयोग करने लगे हैं। क्षेत्र में अब हर खेती किसानी काम मजदूर के कमी के चलते मशीनरी से हो रहा है। अच्छी बरसात से इस वर्ष अच्छी फसल होने की किसान उम्मीद लगाए बैठे हैं। रसेला के कृषक नन्दकिशोर यादव,कार्तिक यादव, रामेश्वर सिन्हा, दिव्यानंद यादव, कामता ध्रुव ने बताया कि पिछले दिनों हुई बारिश से खेतों में पर्याप्त पानी भर गया है। खेती किसानी काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। क्षेत्र के किसान दिनेश साहू, नोहर अग्रवाल, कल्याण सिंह ठाकुर, अशोक ठाकुर, जयलाल यादव, कुशल ध्रुव, राधे सेन,रवि चन्द्राकार, मकरम ठाकुर, भागवत सिन्हा, प्रेम ठाकुर, तेजराम साहू, ठाकुरराम चन्द्राकार, सुकालू साहू, सुराज ध्रुव, केशु राम ध्रुव ने कहा कि हम लोग सिर्फ प्रकृति के भरोसे खेती करते आ रहे हैं, इस क्षेत्र में ऐसा कोई बड़ा बांध नहीं होने से किसान भगवान भरोसे खेती किसानी करते हैं।

